and one pension for armed forces personnel;

(b) if so, what is the order of commitment by Government;

(c) whether this principle is being extended to one grade, one pension for the civil pensioners as well; and

(d) if so, what are the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF DEFENCE (DR. RAJA RAMANNA): (a) to (d) A Committee has been constituted by the Government of India to examine all aspects of the demand for 'One Rank One Pension' for ex-servicemen only. The Committee is expected to submit its report by 31.3.1990.

Development of LCA to counter Pakistan's Air Force capability

107. PROF. C. LAKSHMANNA: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether it is a fact that Pakistan has strengthened its Air Force with eight air squadrons of French Mirage III, Mirage V, Chinese Q-5s, nine squadrons of g-6 and gg-6 Combat aircraft and two squadrons of F-16-A and F-16-B fighters in the recent years;

(b) whether Government are also aware that Pak Air Force has nearly 350 fighter aircraft under its command;

(c) whether in view of the above the Government of India have taken a decision with regard to LCA project; and

(d) if so, what are the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF DEFENCE (DR. RAJA RAMANNA): (a) and (b) Government is aware of the aircraft assets of the Pakistan Air Force and its efforts to strengthen the same.

(c) and (d) The LCA Project has been undertaken to meet the requirement of the Indian Air Force. Details, however, cannot be divulged in the public interest.

आदिवासी क्षेत्रों में बच्चों द्वारा बीच में ही अध्ययन छोड़ दिये जाने की दर में वृद्धि

1.08. **श्री अजीत जोगी** : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि आदिवासी क्षेत्रों के प्राथमिक स्कूलों में बच्चों द्वारा बीच में ही अध्ययन छोड़ दिये जाने की वार्षिक दर बहुत अधिक है ;

(ख) यदि हां, तो इस प्रवृत्ति को रोकने के लिए सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की जा रही है ; और

(ग) क्या सरकार इस प्रकार अध्ययन छोड़ देने वाले बच्चों के अभिभावकों को उन्हें स्कूल में अपने बच्चों का अध्ययन जारी रखने योग्य बनाने के लिए मुआवजे के रूप में कुछ प्रोत्साहन देने का विचार रखती है ताकि मजबूर होकर उन्हें अपने बच्चों को जीविका-उपार्जन के लिए स्कूलों से न निकालना पड़े ?

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय में राज्य मंत्री साथ में मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा विभाग में राज्य मंत्री का अतिरिक्त प्रभार (प्रो० एम० जी० के० मेनन) : (क) जी, हां।

(ख) व्यापक प्राथमिक शिक्षा के लक्ष्य को प्राप्त करने की दृष्टि से निम्नलिखित कार्यकलापों के लिए वृहद रूप में केन्द्रीय सहायता प्रदान की जा रही है :—

(i) आपरेशन ब्लैक बोर्ड की योजना के अन्तर्गत प्राइमरी स्कूलों में सुविधाओं में सुधार।

(ii) उन बच्चों के लिए गैर-औपचारिक शिक्षा केन्द्र चलाना जो पूरे दिन के स्कूलों में नहीं जा सकते ; और

(iii) प्रारम्भिक स्कूल अध्यापकों तथा प्रौढ़ और गैर औपचारिक शिक्षा के अनुदेशकों को प्रशिक्षण और शैक्षिक सहायता प्रदान करने के लिए जिला शिक्षा तथा प्रशिक्षण संस्थानों की स्थापना करना ।

पढ़ाई बीच में छोड़ जाने वाले विशेष रूप से लड़कियों के मामले से सम्बन्धित समस्या एक बहुत ही चिंता का विषय है जिसका उपयोगी रूप से हल ढूंढ़ निकालने के लिए अध्ययन किया जा रहा है ।

(ग) गैर-औपचारिक शिक्षा केन्द्रों में जाने वाले बच्चों को निःशुल्क पुस्तकें प्रदान की जा रही हैं । राज्य सरकारें व्यक्तिगत रूप से भिन्न-भिन्न कवरेज सहित मध्याह्न भोजन निःशुल्क वर्दियों की आपूर्ति में जैसे कुछ अन्य प्रेरणादायक कार्यक्रम भी कार्यान्वित कर रही है ।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान की प्रवेश परीक्षा हिन्दी में आयोजित किया जाना

109. **श्री अजीत जोगी** : क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों की प्रवेश-परीक्षाओं में प्रश्न-पत्र हिन्दी में भी उपलब्ध कराने का निर्णय, जैसाकि इन संस्थानों की परिषद् द्वारा निर्णय किया गया है ; इस वर्ष से ही कार्यान्वित किया जाना सम्भव हो सकेगा ;

(ख) क्या इस प्रवेश-परीक्षा में प्रश्न पत्र, हिन्दी के अतिरिक्त संविधान में उल्लिखित अन्य प्रादेशिक भाषाओं में भी उपलब्ध कराए जाएंगे ; और

(ग) यदि हां; तो कब तक?

(ख) और (ग) भारतीय प्रौद्योगिकी परिषद् के निर्णयानुसार हिन्दी तथा अंग्रेजी में प्रश्न पत्रों की व्यवस्था करने में हुए अनुभव के आधार पर अन्य भारतीय भाषाओं में भी प्रश्न पत्र तैयार करने के लिए उपाय किये जायंगे । अभी यह बताना सम्भव नहीं है कि यह कौन से वर्ष से किया जायेगा ।

शिक्षा का स्तर सुधारने के लिए अध्यापकों को प्रशिक्षण दिया जाना

110. **श्री अजीत जोगी** : क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार वर्तमान में कार्यरत शिक्षकों को कोई विशेष प्रशिक्षण, देने का विचार रखती है, जिससे शिक्षा का स्तर सुधारा जा सके ;

(ख) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है ; और

(ग) क्या मध्य प्रदेश में, विशेषकर राज्य के पिछड़े आदिवासी क्षेत्रों में भी शिक्षकों को ऐसा प्रशिक्षण देने की कोई योजना है ?

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय में राज्य मंत्री साथ में मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा विभाग में राज्य मंत्री का अतिरिक्त प्रभार (प्रो० एम० जी० के० मेनन) : (क) और (ख) स्कूल शिक्षकों की व्यावसायिक दक्षता में सुधार लाने के लिए दस-दिवसीय अनुस्थापन शिविर के माध्यम से सेवा कालीन शिक्षा का एक कार्यक्रम वर्ष 1986 से कार्यान्वित किया जा रहा है । वर्ष 1986-90 के दौरान इस कार्यक्रम के अंतर्गत 13.47 लाख शिक्षक प्रशिक्षित किए गए थे । वर्ष 1989-90 के दौरान लगभग 4.40 लाख शिक्षकों को शामिल किए जाने की संभावना है ।

शिक्षक शिक्षा की केन्द्रीय प्रायोजित योजना के अंतर्गत अभी तक 217 जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थानों (जि०शि० प्र०सं०) को केन्द्रीय सहायता दी जा चुकी है । इन संस्थानों का मुख्य कार्य प्रारम्भिक स्कूल शिक्षकों तथा प्रौढ़ और गैर-औपचारिक शिक्षा पर कार्य कर रहे कार्मिकों को पूर्व-सेवा तथा सेवाकालीन शिक्षा प्रदान